आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**30 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई जिले में 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस–वे का किया शुभारंभ। कहा– गंगा नदी की तरह विकास की नई जीवनरेखा बनेगा यह एक्सप्रेस–वे।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों और नौजवानों की उन्नति में एक्सप्रेस–वे की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कहा– अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है प्रदेश में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर।
- मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर पर किया ध्वजारोहण। कहा–डबल इंजन सरकार की वजह से अयोध्या में स्थापित हुए विकास के नए आयाम।
- आज आयोजित हो रहा है उत्तर प्रदेश विधानमंडल का विशेष सत्र । महिला सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की तैयारी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल हरदोई जिले में पांच सौ चौरानवे किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस–वे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक्सप्रेस–वे मात्र पांच वर्षों में बनकर तैयार हुआ है।

**देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस–वेज में शुमार यूपी का सबसे लंबा ग्रीन कॉरिडॉर एक्सप्रेसवे, ये 5 साल के भीतर–भीतर बनकर तैयार हो गया है। एक ओर गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हुआ है, तो साथ ही, इसके विस्तार की योजना पर भी काम शुरू हो गया है।**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जिस प्रकार गंगा हजारों वर्षों से उत्तर प्रदेश की जीवनरेखा रही हैं, उसी प्रकार यह एक्सप्रेस–वे भी राज्य के विकास की नई जीवनरेखा बनेगा।

**गंगा एक्सप्रेसवे यूपी के एक छोर को दूसरे छोर से तो जोड़ता ही है ये एनसीआर के असीम संभावनाओं को भी करीब लाएगा। इसके किनारे नए औद्योगिक अवसर विकसित होंगे। इसके लिए हरदोई जैसे दूसरे जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। इससे हरदोई शाहजहांपुर, उन्नाव समेत सभी 12 जनपदों में नए उद्योग आएंगे। अलग–अलग सेक्टर जैसे फार्मा, टेक्सटाइल आदि के स्तर कलस्टर विकसित होंगे, युवाओं के लिए रोजगार के लिए नए अवसर भी तैयार होंगे।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल आवागमन को सुगम बना रहा है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

**उत्तर प्रदेश के अंदर केवल यहां एक्सप्रेस सुबह हमारी दूरी को ही काम नहीं कर रहे हैं, बल्कि इन सभी पर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर वहां भी है और साथ–साथ उत्तर प्रदेश के अंदर इन एक्सप्रेस वे के माध्यम से अन्नदाताओं किसानों की उन्नति के ये एक्सप्रेस वे बने हैं, युवाओं के रोजगार के एक्सप्रेस वे बने हैं।**

कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

प्रदेश के सभी जिलों में गंगा एक्सप्रेस–वे के उद्घाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। बदायूं में केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा की उपस्थिति में यह प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बदायूं के विकास में गंगा एक्सप्रेस–वे मील का पत्थर साबित होगा।

हरदोई के लोगों ने गंगा एक्सप्रेस–वे को गेम चेंजर बताते हुए खुशी जाहिर की। वहां के निवासी सत्यम तिवारी ने बताया कि इस एक्सप्रेस–वे से शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में नए रास्ते खुलेंगे।

**यहां के शिक्षा के क्षेत्र में जो नौजवान हमारे तैयारी करना चाहते हैं खास तौर से इलाहाबाद में जाकर या दिल्ली में जाकर इंजीनियरिंग वगैरह की बड़ी पढ़ाई करना चाहते हैं, उन लोगों के आवागमन के साधन बहुत सुगम हो जाएंगे। यहां से जो व्यापारिक क्षेत्र है चाहे दिल्ली ले जाना हो माल को, चाहे इधर आपके मेरठ साइड ले जाना हो तो दूरी कम होगी, लाभ मिलेगा।**

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित गंगा एक्सप्रेस वे राज्य का सबसे लंबा एक्सप्रेस–वे है। इस एक्सप्रेस वे में शाहजहांपुर में साढ़े तीन किलोमीटर लंबी एक हवाई पट्टी भी है, जो भारतीय वायु सेना के विमानों के आपातकालीन टेक–ऑफ और लैंडिंग में काम आएगी। यह एक्सप्रेस–वे बारह जिलों मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज से होकर गुजरेगा।

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन कल सुबह बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन किया और देश में सुख–समृद्धि की मंगल कामना की। दर्शन पूजन के बाद प्रधानमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद शिवभक्तों का अभिवादन भी किया।

**********

देश ने पांच साल पहले ही गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से पचास प्रतिशत बिजली प्राप्त करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने नई दिल्ली में एक सम्मेलन के दौरान कल यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि

नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। श्री जोशी ने बताया कि भारत ने दो हजार पचीस–छब्बीस में पचपन दशमलव दो–नौ गीगावाट गैर–जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व उन्होंने श्री रामलला के दर्शन किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की वजह से अयोध्या में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं।

**यह नई अयोध्या है, त्रेता युग की याद दिला रही है और यही है डबल इंजन की ताकत लेकिन यह तभी हो पाया है जब एक साथ एक स्वर में सभी सनातन धर्मावलंबी बोल उठा था तब राम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो पाया।**

**********

उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद में आज विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महिला सशक्तिकरण विषय पर दोनों ही सदनों में चर्चा होगी। अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर अपनी बात रखेंगे। इसी कड़ी में, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र की अध्यक्षता में कल विधान परिषद की कार्य परामर्श दात्री समिति की बैठक भी हुई।

**********

सिद्धार्थ नगर जिले में कुवानो नदी के भालू कोनी घाट पर सत्रह करोड़ पचास लाख रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित पुल के निर्माण कार्य का कल शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर डुमरियागंज के सांसद  जगदंबिका पाल और गौरा चौकी विधानसभा के विधायक  प्रभात वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। अपने सम्बोधन में सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि इस बहुप्रतिक्षित पुल के निर्माण से सिद्धार्थनगर, बस्ती एवं गोंडा जिले के लोगों को सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने प्रदेश के सर्वांगीण विकास में केन्द्र और प्रदेश सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति जारी है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कल नई दिल्ली में बताया कि घरेलू एलपीजी आपूर्ति बिना किसी व्यवधान के जारी है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स पर कहीं भी ड्राई–आउट की स्थिति नहीं है।

**एलपीजी इम्पोर्ट्स में एलपीजी इम्पोर्ट्स अफेक्ट हुए हैं, परन्तु जो हमारी डोमेस्टिक एलपीजी सप्लाई है, वो कंटिन्यूड है विदाउट एनी डिसरप्शन और घरेलू सप्लाई हो रही है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स पर कोई ड्राई–आउट रिपोर्टेड नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग ऑल–टाइम हाई है। इसी तरह जो डीएसी बेस्ड एलपीजी डोमेस्टिक एलपीजी सिलेंडर डिलीवरीज हैं, वो भी ऑल–टाइम हाई हैं।**

**********

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में कल हुई बारिश और तेज हवाओं ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। गोरखपुर, कौशाम्बी और जौनपुर सहित कई जिलों में तेज आंधी व गरज–चमक के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है। भदोही और संतकबीरनगर सहित कुछ अन्य जिलों में आंधी–पानी के साथ ओले भी गिरे। आंधी–बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से प्रदेश में जानमाल की क्षति हुई है। सुल्तानपुर जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में आंधी–पानी के कहर से दो मासूमों सहित करीब आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई। वहीं, अमेठी जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मृत्यु हो गयी। कई अन्य जिलों से आंधी–पानी तथा आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लोगों के घायल होने के समाचार भी मिले हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के लिए आज भी गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

**********